प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्ता पर कहा– देश में सुगम तरीके से जारी है एलपीजी और पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति।
2. झारखंड उच्च न्यायालय ने हजारीबाग में दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में लिया स्वतः संज्ञान, डीजीपी, गृह सचिव और एसपी को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश।
3. भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य में हजारीबाग दुष्कर्म पीड़ित परिवार के न्याय के लिए किया प्रदर्शन, प्रदेश भाजपा ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की।
4. रेलवे दो अप्रैल से आनंद विहार टर्मिनल–पुरुलिया साप्ताहिक नयी एक्सप्रेस ट्रेन का करेगा परिचालन, झारखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के यात्रियों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी।

और

5. मौसम विभाग ने कल अधिकांश जिलों में गर्जन, वज्रपात के साथ आंधी चलने का जताया पूर्वानुमान, लोगों से सुरक्षित रहने का जारी किया निर्देश।

****

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आज फिर सुनिश्चित किया कि देश में एलपीजी की आपूर्ति सुगम तरीके से जारी है। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में कहा कि देश में पेट्रोल–डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है।

****

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के कोसुंभा गांव में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को झारखंड उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने जानकारी दी कि अदालत ने इस घटना को घृणित और मानवता को शर्मसार करने वाला बताया।

****

हजारीबाग में बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या को लेकर विभिन्न जिलों में आक्रोश है। हजारीबाग, जमशेदपुर, लोहरदगा और सिमडेगा में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने आरोपियों की अबतक गिरफ्तारी नहीं होने पर राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। वहीं सिमडेगा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुषमा मिश्रा ने आरोपियों को फांसी देने की मांग की।

उधर लोहरदगा में भी भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल और सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के मुखिया को सरकारी नौकरी और सुरक्षा देने की मांग की। साथ ही मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की।

****

प्रदेश भाजपा ने हजारीबाग में दुष्कर्म और हत्या की कड़ी निंदा की है। प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने घटना की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि अगर 2 दिन के अंदर अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो उग्र आंदोलन करेगी और 3 अप्रैल को झारखंड बंद करायेगी।

उन्होंने झारखंड में महिला तस्करी, दुष्कर्म, छिनतई और निर्मम हत्या के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया।

****

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई को लेकर कहा कि यह एक उपयोगी साधन है, लेकिन इसे कभी भी मानव का मालिक नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई को सेवक की तरह इस्तेमाल करना ही समझदारी है, क्योंकि यदि इसे निर्णयकर्ता बना दिया गया तो यह समस्याओं का बड़ा कारण बन सकता है। वे आज साकची स्थित एक डिजिटल शिक्षण संस्थान के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में भगवान महावीर के सिद्धांतों को मानवता के लिए मार्गदर्शक बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।

****

धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुरू किया गया। इस अवसर पर एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में साइबर अपराध की पहचान, डिजिटल साक्ष्य संग्रह, ऑनलाइन ठगी के तरीके, और उनसे बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

****

सीबीआई ने रिश्वत मामले में रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक हिमांशु शेखर को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। विशेष सीबीआई अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे तीन दिनों के रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया था।

****

रांची मंडल ने आनंद विहार टर्मिनल–पुरुलिया साप्ताहिक नई एक्सप्रेस ट्रेन वाया रांची के परिचालन की घोषणा की है। ट्रेन संख्या 14022 का परिचालन 2 अप्रैल से प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार टर्मिनल से शुरू होगा, जबकि ट्रेन संख्या 14021 का परिचालन 3 अप्रैल से प्रत्येक शुक्रवार को पुरुलिया से होगा।

****

मौसम विभाग ने कल अधिकांश जिलों में गर्जन, वज्रपात और आंधी चलने का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों को सुरक्षित रहने का आग्रह किया है।

****

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित अस्मिता महिला वॉलीबॉल लीग आज संपन्न हो गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में राज्यभर की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बेड़ो वॉलीबॉल क्लब विजेता, रांची विश्वविद्यालय उपविजेता और संट जेवियर महाविद्यालय तीसरे स्थान पर रहा।

*******समाप्त********